मेट्रो कर्मचारियों को सुरक्षा के तरीके बताए

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के ग्रेटर नोएडा डिपो के सभागार में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मेट्रो के कर्मचारियों व सुरक्षा बलों को आपदा के समय यात्रियों की सुरक्षा व राहत पहुंचाने और उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की जानकारी दी।

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि एनएमआरसी किसी भी तरह की संकट की स्थिति से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है। एनएमआरसी के पास आपदा से निपटने के लिए आधुनिक स्तर के उपकरण हैं। कार्यशाला लगाकर कर्मचारियों को इसके लिए समय-समय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल और सिग्नल से संबंधित तकनीकी मुद्दों से निपटने के साथ आग, बम जैसी आपदा से निपटने के बाद तत्काल कैसे राहत पहुंचाई जाए, इस विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. टीसी गुप्ता ने आपदा के समय या सफर के दौरान हृदयाघात होने पर तत्काल उपचार देने के लिए एक्यूप्रेशर विधि के बारे में समझाया।

ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो के सभागार में शनिवार को आपदा प्रबंधन की जानकारी देते विशेषज्ञ। • हिन्दुस्तान